दिन–सोमवार दिनांक– 02 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम चंपारण के पिपराकोठी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से संवाद किया। कहा– नकली कीटनाशक बनानेवालों के खिलाफ सरकार नया कानून लेकर आयेगी।

02. राष्ट्रीय महिला आयोग ने मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में बिहार सरकार को नोटिस जारी किया। तीन दिनों के भीतर मांगा जवाब।

03. आईआईटी कानपुर ने जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी किया। राजस्थान के कोटा के रजित गुप्ता पहले स्थान पर। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल को वर्धमान की देवदत्त माझी बनी टॉपर।

04. और, प्रदेश में मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत अट्ठासी खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान खेती, किसानी और किसानों की जिंदगी बदलने का प्रयास है। श्री चौहान पूर्वी चंपारण के पिपराकोठी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों के साथ संवाद कर रहे थे।

———बाइट———

श्री चौहान कहा कि विकसित भारत के निर्माण का प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प कृषि क्षेत्र में सुधारों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि खेती और समृद्ध किसान के लक्ष्य को लेकर इस अभियान के तहत पूरे देश में वैज्ञानिक, किसानों के साथ संवाद कर रहे हैं। किसानों से प्राप्त सुझाव के आधार पर भविष्य की रणनीति तय की जायेगी।

———बाइट———

कृषि मंत्री ने कहा कि नकली कीटनाशक बनानेवालों के खिलाफ सरकार नया कानून लेकर आयेगी।

———बाइट———

—————————————————————————————

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में बिहार सरकार को नोटिस जारी किया है। इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने को कहा। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने इस लापरवाही की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने को कहा है। आरोप है कि नाबालिग को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चार घंटे से अधिक समय तक एम्बुलेंस में बिना चिकित्सा सुविधा के इंतजार कराना पड़ा था और बाद में उसकी मौत हो गई थी।

—————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा है कि मुजफ्फरपुर में दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री त्यागी ने कहा कि बिहार सरकार समाजिक न्याय और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए जानी जाती है।

———बाइट———

—————————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि वे बिहार की राजनीति में आना चाहते हैं। आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि यदि उनके विधानसभा चुनाव लड़ने से पार्टी को फायदा होता है तो वे चुनाव लड़ेंगे।

———बाइट———

श्री पासवान कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए विधानसभा चुनाव लड़ेगा और वे ही विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री भी होंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की सभी पार्टियां आपस में मिलकर सीटों का बंटवारा करेगी। आज मुंगेर में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौधरी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में राजद को करारी हार मिलेगी।

———बाइट———

---

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्षों में कई अभूतपूर्व फैसले किए। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री राय ने कहा कि इस अवधि में समाज के सभी वर्गों के लिए काफी काम हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प के साथ पूरा देश एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है।

———बाइट———

---

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने आज जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित कर दिए। छात्र–छात्राएं वेबसाइट–रिजल्ट टू फाइव डॉट जेईई एडीवी डॉट एसी डॉट आईएन पर अपने परिणाम देख सकते हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और तकनीकी शिक्षा के अन्य सहभागी संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। परीक्षा में राजस्थान के कोटा के रजित गुप्ता ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, पश्चिम बंगाल के वर्धमान की देवदत्त माझी लड़कियों में टॉपर बनीं। रजित गुप्ता ने अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने आईआईटी करने के इच्छुक विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे तैयारी के दौरान

जब भी आवश्यकता हो तो अपने शिक्षकों की सलाह लें और पूरी लगन के साथ तैयारी करें।---बाइट---

अपने टीचर्स से कंसल्ट करिये की मुझे कैसे क्या पढना है। खुद से कुछ मत करिये। पूरी मेहनत करनी है उसके अंदर, उसके अंदर जुट जाइये। जो बेसिक एक इंट्रेक्शन रहता है। फैमली मेम्बर और स्टूडेंट के बीच में कि हां पापा कैसे हो, हां मां कुछ चाहिए वगैरह वैसा वो सब तो रहता ही है और ऐसा कुछ बहुत ज्यादा एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी नहीं रहा।

जेईई एडवांस्ड परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल करने वाले सक्षम जिंदल ने बताया कि उनकी नजर पहले से ही शीर्ष 10 परीक्षार्थियों में आने पर थी और वह अपने परिणाम से बेहद खुश हैं।

---बाइट---

टीचर जो बताएंगे हमें एगजेक्टली वहीं करना है। तो स्ट्रेटजी वाईज कोई डिफिकल्टी नहीं आई और हार्डवर्क तो मैंने पूरे टाइम में किया ही था तो फिर अच्छे से गया पूरा टाइम। तो ऐसा शेड्यूल था कि एक घंटा को हेल्थ को देना है पूरे दिन में से और खाना खाना वगैरह अलग बाकी जो भी टाइम मिलेगा मैं उसमें स्टडी करुंगा। कभी टेबल टेनिस खेल लिया मैंने या फिर वॉकिंग करता था मैं और वॉइल ही अपने घर में बात करता था।

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मलेशिया के दौरे पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में सत्तारूढ़ दल के संसद सदस्यों और अन्य नेताओं के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के बाद श्री झा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ मलेशिया का पूरा समर्थन भारत को मिला है। उन्होंने कहा कि यह बैठक काफी लाभदायक रही।

---बाइट---

---

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लखीसराय जिले के दस गांवों का चयन हुआ हैं। इसमें आठ गांव सूर्यगढ़ा प्रखंड के तथ दो गांव चानन प्रखंड के है। चयनित गांव में पन्द्रह जून से तीस जून के बीच विशेष अभियान चलाकर जनजातीय समुदाय के लोगों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जायेगी और उन्हें योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

---

मुंगेर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसवीं बिहार राज्य क्योरूगी और नौवीं बिहार राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गया की टीम बत्तीस स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन

बनी। वहीं सारण की टीम के खाते में बाईस स्वर्ण पदक आये। कटिहार की टीम ने ग्यारह और मुंगेर ने सोलह स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

---

प्रदेश के कुछ हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुबनी के अंधराठाढी में सबसे अधिक साठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं अररिया के नरपतगंज में साठ मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम चंपारण के पिपराकोठी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से संवाद किया। कहा– नकली कीटनाशक बनानेवालों के खिलाफ सरकार नया कानून लेकर आयेगी।

02. राष्ट्रीय महिला आयोग ने मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में बिहार सरकार को नोटिस जारी किया। तीन दिनों के भीतर मांगा जवाब।

03. आईआईटी कानपुर ने जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी किया। राजस्थान के कोटा के रजित गुप्ता पहले स्थान पर। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल की वर्धमान की देवदत्त माझी बनी टॉपर।

04. और, प्रदेश में मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत अट्ठासी खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

समाप्त